जयपुर में बनेगा 'हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर'

चर्चा में क्यों?

13 फरवरी, 2023 को राजस्थान के क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान उद्यान, जयपुर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एच.पी.सी.आई.एल.) के बीच वातानुकूलित 'हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर'की स्थापना के लिये एमओयू साइन हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- इस हॉल का निर्माण नागरिकों में न्यूक्लियर विद्युत के प्रति बेहतर दृष्टकोण विकसित करने तथा विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिये जयपुर के शास्त्री नगर में स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान उद्यान में किया जाएगा।
- 600 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनने वाले इस हॉल की लागत करीब 7 करोड़ रुपए होगी। हॉल के निर्माण में होने वाले व्यय में एन.पी.सी.आई.एल. की ओर से 4 करोड़ रुपए की राशि अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस केंद्र के निर्माण से आमजन को परमाणु ऊर्जा के विभिन्न अनुप्रयोगों एवं देश में इस क्षेत्र में किये गए अनुसंधान एवं विकास की जानकारी प्राप्त होगी। यहाँ निर्मित होने वाली गैलेरी में विभिन्न पैनलों, बैनरों, मॉडलों, प्लेकार्ड, कट-आउट, चल चित्रों, प्रश्नावलियों, खेलों, फिल्मों आदि के माध्यम से न्यूक्लियर पावर के बारे में जानकारी मिलेगी।
- इस एमओयू पर एन.पी.सी.आई.एल. की ओर से अधिशासी निदेशक एम. वेंकटाचलम और निगम संचार तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संग्रहालयाध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा हस्ताक्षर किये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hall-of-nuclear-power-to-be-built-in-jaipur